संक्षिप्त विज्ञापन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(173)RSSB/अर्थना/वन विभाग/सीधी भर्ती/2025 **दिनांक :–यथाहस्ताक्षर**

वन विभाग के विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती –2025

बोर्ड द्वारा वन विभाग राजस्थान के लिये राजस्थान वन अधीनस्थ सेवा नियम, 2015 यथासंशोधित तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत वनपाल के पदों पर समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकण्डरी स्तर)– 2024 में योग्य घोषित अभ्यर्थियों से एवं वनरक्षक, सर्वेयर के पदों पर भर्ती हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्र में विज्ञापन में वर्णित शर्तों एवं निर्बन्धनों के अध्याधीन समस्त अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) आमंत्रित किये जाने हैं :–

क्र.सं.	पद का नाम	विज्ञापित पद	आयु (दिनांक 01.01.2026 को)	वेतनमान
1	वनपाल	259	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष	पे मैट्रिक्स लेवल– 8
2	वनरक्षक	483	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 24 वर्ष	पे मैट्रिक्स लेवल–4
3	सर्वेयर	43	न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष	पे मैट्रिक्स लेवल–5

शैक्षणिक योग्यताः–

i.वनपाल के लिएः–

(i) राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर से या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सीनियर सैकण्डरी (10+2) या सरकार द्वारा उसके समतुल्य घोषित परीक्षा उत्तीर्ण

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

ii.वनरक्षक के लिएः–

(i) किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से माध्यमिक(10) या उसके समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

iii.सर्वेयर के लिएः–

(i) Senior Secondary (10+2) of a recognized Board with ITI Certificate in Civil Survey or Diploma in Civil Engineering from a recognized institution.

(ii) देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

ऑनलाईन आवेदन व पंजीयन शुल्क भरने की अवधि :–ऑनलाईन आवेदन पत्र एवं पंजीयन शुल्क के संबंध में सूचना विस्तृत विज्ञापन में अलग से जारी की जावेगी।

परीक्षा आयोजन :– बोर्ड द्वारा उक्त पदों पर भर्ती परीक्षा के संबंध में सूचना अलग से जारी की जावेगी।

अन्य बिन्दु व सूचना :–पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, पदों का वर्गीकरण, आयु में छूट के प्रावधान, परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम इत्यादि की सूचना विस्तृत विज्ञापन में बोर्ड़ की वेबसाईट rssb.rajasthan.gov.in पर अलग से जारी की जावेगी।

इस परीक्षा के संबंध में समय–समय पर जारी सूचनाओं को बोर्ड की उपरोक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन/सूचना हेतु राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष नं. 0141–2722520 पर सम्पर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड़, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018 को सम्बोधित किया जावें।

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.17 19:06:22 IST
Reason: Approved

(बी.सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref No.: 16630241

क्रमांकः प.14(173)RSSB/अर्थना/वन विभाग/सीधी भर्ती/2025 **दिनांक :—यथाहस्ताक्षर**

प्रतिलिपी निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, राजस्थान जयपुर को प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि इस विज्ञप्ति को दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दैनिक नवज्योति समाचार पत्र के राजस्थान राज्य के नवीनतम दैनिक संस्करण में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड कार्यालय को भिजवाये जाने का श्रम करें।
2. संयुक्त शासन सचिव, वन विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. प्रभारी अधिकारी, आई. टी. अनुभाग, RSSB को प्रति भेजकर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को बोर्ड की बेवसाईट पर अपलोड कराएं।

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.07.17 19:06:22 IST
Reason: Approved